**HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN**
**BENCH AT JAIPUR**

S.B. Civil Miscellaneous Appeal No. 43/2026

M/s Influence Enterprises Pvt. Ltd.

----Appellant

Versus

M/s Chandra Trio Services Pvt. Ltd.

----Respondent

---

For Appellant(s) : Mr. Naman Maheshwari, Adv.
For Respondent(s) : Mr. Saurabh Bhandari, Adv.

---

**HON'BLE MR. JUSTICE UMA SHANKER VYAS**

**Judgment / Order**

**19/02/2026**

प्रत्यर्थी की ओर से विद्वान अधिवक्ता श्री सौरभ भण्डारी द्वारा उपस्थिति देते हुए वकालतनामा प्रस्तुत करने हेतु समय चाहा। अब इस प्रकरण में तामील की कार्यवाही शेष नहीं है।

कार्यालय को निर्देश दिया जाता है कि विचारण न्यायालय का अभिलेख तलब किया जावे।

प्रकरण छह सप्ताह बाद सूचीबद्ध किया जावे।

**In SB Civil Misc. Stay Application No. 58/2026**

स्थगन प्रार्थना पत्र पर सुना गया।

विद्वान अधिवक्ता अपीलार्थी का निवेदन है कि वाद के नोटिस सम्यक रूप से कभी भी अपीलार्थी पर तामील नहीं हुए हैं तथा उनका आवेदन अंतर्गत धारा 9 नियम 13 सीपीसी भी तथ्यों व विधि के विपरीत जाकर खारिज किया गया है।

विद्वान अधिवक्ता प्रत्यर्थी का निवेदन है कि व्यावसायिक संव्यवहार के तहत अपीलार्थी के विरूद्ध राशि बकाया थी। वर्तमान में ब्याज सहित करीब 45 लाख रूपये की राशि अदा करनी शेष है। अपीलार्थी द्वारा आज तक कोई राशि अदा नहीं की गयी है।

सम्पूर्ण परिस्थितियों को देखते हुए आदेश दिया जाता है कि यदि अपीलार्थी विचारण न्यायालय में 15 लाख रूपये का डिमाण्ड ड्राफ्ट प्रत्यर्थी के नाम बनाकर प्रस्तुत कर दे तो शेष राशि की वसूली अग्रिम आदेश तक स्थगित रहेगी। अपील में असफल रहने की स्थिति में प्रत्यर्थी प्राप्तशुदा राशि 08 प्रतिशत ब्याज सहित अपीलार्थी को अदा करने के संबंध में यदि अंडरटेकिंग विचारण न्यायालय में पेश कर दे तो उपरोक्त डिमाण्ड ड्राफ्ट बाद रसीद प्रत्यर्थी को सुपुर्द कर दिया जावे।

स्थगन प्रार्थना पत्र उपरोक्तानुसार निस्तारित किया जाता है।

(UMA SHANKER VYAS),J

Murari Lal Sharma /53